प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.03.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोकसभा में कहा–पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद भारत में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं।
- देश में जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया गया।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कल दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी करेगा।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कई जगह हल्की बारिश–दिन और रात का तापमान अब भी सामान्य से नीचे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद भारत में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है। श्री मोदी ने आज लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर बयान देते हुए इस मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है।

----

श्री मोदी ने कहा कि इस गंभीर स्थिति में देश और विदेश में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

-----

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी एलपीजी की 60 प्रतिशत आवश्यकता का आयात करता है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति में अनिश्चितताओं के कारण सरकार ने घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ–साथ इसके उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी काम किया है।

0000

लोकसभा ने कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 को आगे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की सहमति दे दी है। आज लोकसभा में विधेयक पेश करने के बाद, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने विस्तृत विश्लेषण के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। इस विधेयक का उद्देश्य सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम, 2013 में संशोधन करना है।

0000

आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देशभर में स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए पीएम ई–बस सेवा पहल शुरू की गई है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके अंतर्गत पिछले महीने 225 इलेक्ट्रिक बसों के पहले बैच की आपूर्ति की जा चुकी है।

----

इस योजना की कुल अनुमानित लागत करीब 58 हजार करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार 20 हजार करोड़ रुपये का सहयोग दे रही है।

0000

संसद के दोनों सदनों ने आज स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इन वीर सेनानियों ने छोटी उम्र में ही देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हम इन महान सपूतों की शहादत को नमन करते हैं।

----

**इस** अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के 'माय भारत' केंद्र द्वारा सवाई माधोपुर में शहीद कल्याणमल शर्मा स्मारक से पदयात्रा निकाली गई और शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। वहीं पाली जिले के खिंवाड़ा में देशभक्ति गीतों के साथ पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। करौली में भी पदयात्रा निकाली गई और पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान युवाओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।

00000

देश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 16 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल नई दिल्ली में विश्व जल दिवस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बताया कि यह सम्मेलन जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन पर सुझाव और विचारों को साझा करने के मंच के रूप में कार्य करेगा। श्री पाटिल ने देशवासियों से जल संरक्षण और भंडारण करने का आग्रह किया।

----

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का ध्येय अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा और राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी जनसमस्याएं सुनी गईं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इन प्रकरणों के समाधान को प्राथमिकता दी जाए।

0000

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यह फैसला सुनाया। कटारा द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती 2022 पेपर लीक मामले में आरोपी हैं। फरवरी में एक मामले में जमानत मिलने के बावजूद कटारा जेल से रिहा नहीं हो सके थे, क्योंकि उन पर उप–निरीक्षक भर्ती 2021 और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले भी चल रहे हैं। राज्य सरकार ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क दिया कि कटारा ने संवैधानिक पद पर रहते हुए अपने आवास से पेपर लीक किया।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कल दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी करेगा। बोर्ड के इतिहास में पहली बार दसवीं का परिणाम मार्च में और बारहवीं कक्षा से पहले घोषित किया जा रहा है। साथ ही कक्षा पांचवी और आठवीं के बोर्ड परिणाम भी कल ही जारी किये जायेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कल दोपहर बोर्ड कार्यालय से परिणाम जारी करेंगे। राज्य सरकार द्वारा एक अप्रैल से नया शिक्षण सत्र शुरू करने के आदेश की अनुपालना में बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। अजमेर से हमारी संवाददाता ने बताया कि बोर्ड ने परिणाम ऑनलाइन जारी करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

----

00000

प्रदेश के पूर्वी भागों में आज भी हल्की बारिश दर्ज की गयी है। वहीं अन्य भागों में मौसम साफ रहा। आज दौसा और भरतपुर जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके अलावा, जयपुर, अलवर, टोंक तथा करौली समेत कुछ अन्य जिलों में बूंदाबांदी तथा हल्की बारिश हुई। मौसम में आये बदलाव के कारण ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से दो–तीन डिग्री नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम केंद्र जयपुर ने आज अजमेर, सीकर, बूंदी, बारां, कोटा समेत कई अन्य जिलों में तेज हवाएं चलने तथा हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस पूरे माह एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से लू चलने की संभावना कम है।

----

00000

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शासन व्यवस्था में बदलाव लाने और निगरानी को मजबूत करने के लिए एक रीयल–टाइम आंतरिक लेखापरीक्षा पोर्टल का शुभारंभ किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म पारंपरिक मैनुअल निगरानी से हटकर एक रीयल–टाइम केंद्रीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बदलाव के लिए तैयार किया गया है। जिससे पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

0000